RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 01 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 69 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## केंद्र और राज्य की राजनीति मेरे पिता और चचेरे भाई से परेशान...

## सुप्रिया सुले का भाजपा पर निशाना



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनके पिता शरद पवार और चचेरे भाई अजित पवार से 'परेशान है। उनकी यह टिप्पणी महाराष्ट्र में 2019 में अल्पकालिक सरकार के गठन को लेकर दोनों दलों के बीच चल रहे वाकयुद्ध की पृष्ठभूमि में आई है। बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास देश या राज्य के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है। सुले जन्मदिन की बधाई देने आए पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि केंद्र और राज्य की राजनीति मेरे पिता और भाई (राकांपा नेता अजित पवार) के इर्दगिर्द घूमती है। भाजपा उनसे इतनी परेशान है कि उसके पास देश और राज्य के विकास के लिए कोई दृष्टिकोण तैयार करने का समय नहीं है। वे महंगाई कैसे कम करेंगे और रोजगार कैसे पैदा करेंगे? सुले से नवंबर 2019 की अल्पकालिक भाजपा-अजित पवार सरकार को लेकर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राकांपा के बीच हो रहे वाकयुद्ध के बारे में सवाल किए गए थे। उन्होंने कहा कि फडणवीस के पास महंगाई कम करने या महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय करने का समय नहीं है। फडणवीस के पास वित्त और गृह विभाग भी है।

सुले ने कहा, ''वह (फडणवीस) उन मुद्दों पर ही बोलना चाहते हैं जो वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। वह पीछे लौटकर, सुबह-सुबह शपथ ग्रहण और 'गॉसिप के बारे में बोलना चाहते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। च्यूइंग गम का स्वाद शुरू में अच्छा होता है लेकिन बाद में वह बेस्वाद हो जाता है। सुले ने कहा कि एकनाथ शिंदे नीत सरकार राज्य में सुशासन मुहैया कराने के अलावा सब कुछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि 30 जून को शिंदे-भाजपा सरकार का एक साल पूरा हो गया। सुले ने कहा, जब तक शरद पवार को निशाना नहीं बनाया जाता, कोई खबर ही नहीं होती है।

## ठाकरे गुट के नेता अनिल परब को

## 4 जुलाई तक अंतरिम राहत



**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एक सहायक अभियंता पर कथित तौर पर हमला करने के मामले में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल परब को शुक्रवार को गिरफ्तारी से चार जुलाई तक अंतरिम सुरक्षा प्रदान कर दी। परब और छह अन्य ने मामले में गिरफ्तारी के डर से अग्रिम जमानत के अनुरोध को लेकर अदालत का रुख किया था। अदालत ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ चार जुलाई तक गिरफ्तारी की कार्रवाई न करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता राहुल अरोते के माध्यम से दाखिल याचिका में आरोपियों ने दावा किया था कि महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक हालात के चलते, प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल सियासी फायदा उठाने के लिए शिवसेना (यूबीटी) और उसके नेताओं को निशाना बना रहा है।

याचिका में कहा गया है, ''याचिकाकताओं का कहना है कि कुछ राजनेताओं की मदद से और सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से पार्टी कार्यकताओं को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।'' याचिका में कहा गया है कि जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। याचिका के मुताबिक, पुलिस ने परब और छह अन्य को वांछित आरोपी के रूप में दिखाया है, इसलिए आशंका है कि उन्हें वर्तमान मामले में गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने मंगलवार को बीएमसी के एक सहायक अभियंता पर हमला करने और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने के आरोप में परब और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी के अनुसार, परब और शिवसेना (यूबीटी) के अन्य पदाधिकारियों ने पिछले हफ्ते बांद्रा में उनकी पार्टी के एक कार्यालय को ध्वस्त किए जाने के विरोध में सोमवार दोपहर को बीएमसी के एच-ईस्ट वॉर्ड में एक मोर्चा निकाला था। प्राथमिकी में कहा गया है कि परब के नेतृत्व में शिवसेना (यूबीटी) का एक प्रतिनिधिमंडल एच-ईस्ट वॉर्ड की अधिकारी स्वप्ना क्षीरसागर से मिलने के लिए बीएमसी कार्यालय पहुंचा और उनसे उन अधिकारियों को उनके सामने लाने को कहा, जिन्होंने पार्टी कार्यालय को ध्वस्त कर दिया था, जिसके कार्यालय बोर्ड पर छत्रपति शिवाजी महाराज और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीरें थीं।

## अंधेरी के फाइव स्टार होटल में हादसा, सातवीं मंजिल से गिरा मजदूर, हुई मौत



**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी के एक फाइव स्टार होटल में मरम्मत कार्य करते समय 21 वर्षीय मजदूर की गिरने से मौत हो गई। लापरवाही की वजह से हुए इस हादसे के बाद सहार पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालाँकि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक मजदूर की पहचान साहिल राजभर के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि होटल की इमारत पर चढ़ते समय साहिल ने कोई सुरक्षा उपकरण नहीं पहना था। होटल की सातवीं मंजिल पर छत के गुंबद से गिरने से उसकी मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री शिंदे का बड़ा बयान

## 'BJP के साथ सरकार तो चुनाव के तुरंत बाद बननी चाहिए थी लेकिन...'

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार (30 जून) को अपनी सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर एक कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने स्वास्थ्य योजना के तहत बीमा कवर 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने और किसानों को सालाना छह हजार रुपये वित्तीय मदद देने सहित कई फैसले लिये हैं. पश्चिमी महाराष्ट्र के सातारा जिले के पाटन में 122.59 करोड़ रुपये की योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए शिंदे ने कहा कि शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) गठबंधन सरकार नवंबर 2019 के चुनाव के तुरंत बाद बननी चाहिए थी, लेकिन 50 विधायकों और



13 सांसदों ने इसे करीब ढाई साल बाद संभव बनाया. वह एकीकृत शिवसेना के कुछ विधायकों के विद्रोह का संदर्भ दे रहे थे, जिसके बाद महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार का पतन हुआ और 30 जून 2022 को बीजेपी के समर्थन से उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हुआ. इस कार्यक्रम में शिंदे के गृह जिले में 126 गांवों के लिए 86 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की गई. शिवसेना नेता ने कहा कि उनकी सरकार विकास और लोगों के कल्याण पर केंद्रित रहेगी. उन्होंने कहा, ''हम लोगों के कल्याण के लिए फैसले ले रहे हैं, जिनमें 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों को सालाना 6,000 रुपये देने का फैसला शामिल है. इस प्रकार अब किसानों को हर साल 12,000 रुपये मिलेंगे, क्योंकि केंद्र द्वारा प्रधानंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत भी सालाना 6,000 रुपये दिये जा रहे हैं.'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य बीमा योजना 'महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना' के तहत प्रदेश के 12.5 करोड़ लोग पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे.

## मुंबई में 33 लाख रुपये के सोने के आभूषण लूटने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के कालबादेवी इलाके में एक 'आंगड़िया से 33.45 लाख रुपये के सोने के आभूषण लूटने और उससे पैसे वसूलने की कोशिश करने के आरोप में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'आंगड़िया पैसे और बहुमूल्य वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का काम करते हैं। अधिकारी ने बताया कि घटना मंगलवार शाम को हुई। पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के तीन घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और लूटे गए आभूषण 12 घंटे के भीतर बरामद किए। उन्होंने बताया, ''लूटपाट की घटना उस समय हुई जब आंगड़िया पुणे और कोल्हापुर के लिए सोने के आभूषणों के पार्सल अपनी कार में रख रहे थे। आरोपियों की पहचान



नीलेश तिवारी, सिल्वाराज काला और अभिराज खिलाड़ी के रूप में हुई।'' अधिकारी ने बताया कि लोकमान्य तिलक मार्ग पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच शुरू होने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि तिवारी पहले से ही हत्या, डकैती, दंगे और जबरन वसूली के चार अपराधिक मामलों में नामित है। उन्होंने बताया कि सिल्वाराज के खिलाफ पहले से ही 17 मामले दर्ज हैं, जिसमें महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामला भी शामिल है।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### नाजुक सुरक्षा स्थिति

राहुल गांधी के मणिपुर दौरे को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप- प्रत्यारोप का सिलसिला कायम हो जाने पर हैरानी नहीं। यदि राहुल गांधी हिंसा और तनावग्रस्त मणिपुर का दौरा करना ही चाहते थे और अपनी दो दिवसीय यात्रा के जरिये यह राजनीतिक संदेश देना चाहते थे कि वह केंद्र सरकार के मुकाबले इस राज्य के हालात से अधिक चिंतित हैं तो उन्हें ऐसा करने से रोका नहीं जा सकता था। इसके बाद भी उन्हें यह चाहिए था कि वह संवेदनशील स्थिति को देखते हुए सुरक्षा अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते। पता नहीं क्यों उन्होंने ऐसा करने की आवश्यकता नहीं समझी।

पुलिस के रोकने और अपनी यात्रा हेलीकाप्टर से करने के आग्रह के बाद भी उन्होंने अपने मन की की। इसका परिणाम यह हुआ कि विष्णुपुर में उनका काफिला एक ऐसी जगह फंस गया, जहां कुछ लोग उनका विरोध कर रहे थे। यहां उनके समर्थक भी थे। समर्थकों और विरोधियों के बीच टकराव के चलते ऐसी स्थिति बनी कि उन्हें विष्णुपुर से फिर इंफाल लौटना पड़ा। उनका काफिला करीब दो घंटे फंसा रहा। इस दौरान कोई अप्रिय घटना घट सकती थी। अच्छा हुआ कि ऐसा नहीं हुआ, लेकिन उन्हें आगे की यात्रा हेलीकाप्टर के जरिये ही करनी पड़ी।

यह पहली बार नहीं, जब किसी संवेदनशील इलाके में किसी नेता ने सुरक्षा अधिकारियों के मना करने के बाद भी जाने की कोशिश की हो। इस तरह के मामले सामने आते ही रहते हैं। भले ही नेताओं के ऐसे दौरों का घोषित उद्देश्य हालात को समझना अथवा पीड़ित लोगों से मिलना होता हो, लेकिन उसके पीछे एक इरादा कहीं न कहीं राजनीतिक लाभ उठाना भी होता है। यह काम वहां अधिक किया जाता है, जहां विरोधी दल की सरकार हो।

मणिपुर में 2015 और 2017 के बीच भी अच्छी-खासी हिंसा हुई थी, लेकिन तब राहुल गांधी वहां नहीं गए थे, क्योंकि वहां कांग्रेस की सरकार थी। क्या यह अच्छा नहीं होता कि मणिपुर गए राहुल सुरक्षा अधिकारियों की सलाह मानते? कम से कम अब तो उन्हें यह समझ आ ही जाना चाहिए कि राज्य के हालात ऐसे नहीं कि वह जहां चाहें जा सकें और इस क्रम में अपनी सुरक्षा की परवाह न करें। जहां सुरक्षा स्थिति नाजुक हो, वहां एक तो राजनीतिक लाभ हासिल करने के इरादे से जाने से बचना चाहिए और यदि जाना ही हो तो फिर सुरक्षा अधिकारियों की सलाह माननी चाहिए।

राहुल गांधी औ कांग्रेस के अन्य नेता इससे परिचित नहीं हो सकते कि मणिपुर में उपद्रवी तत्वों ने किस तरह सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाने के साथ विधायकों और नेताओं के ठिकानों पर भी हमला किया है। यह कहना कठिन है कि राहुल के मणिपुर दौरे से कांग्रेस को क्या लाभ होने जा रहा है, लेकिन इतना अवश्य है कि जब वहां हालात नाजुक हैं, तब हर किसी को सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मनपा हर वार्ड में पेड़ों की सुरक्षा के लिए नियुक्त करे विशेषज्ञ

## पेड़ गिरने से हो रही मौतों पर लगे लगाम

**मुंबई :** मानसून आते ही मुंबई में पेड़ो के गिरने की घटनाओं में तेजी से इजाफा होता है। मनपा प्रशासन द्वारा हर साल मानसून पूर्व पेड़ो की छटाई करने का काम किया जाता है। मनपा इसके लिए करोड़ों का ठेका भी देती है। बावजूद इसके मानसून के दौरान पेड़ गिरने की घटनाएं घटती ही है। इस साल मानसून आकर अभी सप्ताह भर भी नही बिता है कि सैकड़ो पेड़ धराशाई होने की घटना घट चुकी है।पिछले दो दिनों में पेड़ गिरने की घटनाओं में तो तीन लोगो की मौत हो जाना मुंबई जैसे अंतर्राष्ट्रीय शहर के लिए प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है।मनपा विरोधी पक्ष नेता रविराजा ने मनपा के सभी वार्ड में पेड़ों की सुरक्षा को लेकर एक विशेषज्ञ नियुक्त करने की मांग की है। उन्होंने मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल को





पत्र लिखकर वार्ड में एक आर्बोरिष्ट नियुक्त करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मानसून के दौरान हर साल पेड़ गिरने की घटनाएं घटती है। मनपा प्रशासन ने पेड़ो से होने वाली घटनाओं को देखते हुए पेड़ की दुर्घटना में मृत होने वाले और जख्मियों को सहायता राशि भी देने लगी है।मनपा पेड़ो की छटनी पर भी करोड़ों रुपया खर्च करती है।

मनपा सड़को के किनारे खड़े पेड़ो की खुद छटनी करती है जबकि निजी सोसायटियों के पेड़ो की जिम्मेदारी सोसायटी मालिक पर होती है।मुंबई में बड़े पैमाने पर हो रहे कंक्रीट करण का भी नुकसान पेड़ो को हो रहा है। पेड़ो के गिरने से लोगो के जख्मी होने और जान चले जाने की घटनाओं पर मनपा विरोधी पक्ष नेता रविराजा ने चिंता जताई है।मनपा पूर्व विरोधी पक्ष नेता रविराजा ने पेड़ो की होने वाली छटाईं पर भी सवालिया निशान खड़ा किया । उन्होंने आरोप लगाया कि पेड़ो की छटनी के लिए जो ठेकेदार नियुक्त होते है वह अपनी सुविधा अनुसार पेड़ो की छटाई करते है और कमाई करते है।उन्हे लोगो के सुरक्षा को लेकर कोई चिंता नहीं रहती।रविराजा ने मांग रखी है कि निजी जमीनों पर लगे पेड़ो की भी छटनी मनपा को करनी चाहिए।तीन दिन में तीन मौत होना मुंबई जैसे शहर के लिए यह बहुत ही दुखदाई है। रविराजा ने मनपा आयुक्त से गुहार लगाई है कि मनपा अपने सभी 24 वार्ड में एक आर्बोरिष्ट नियुक्त करे जिससे पेड़ो की सुरक्षा और उसकी देखभाल का पूरी रिपोर्ट तैयार हो सके और पेड़ो की सुरक्षा हो सके जिससे दुर्घटना होने का प्रमाण खत्म हो। रविराजा ने कहा कि मुंबई में बड़ी संख्या में पेड़ सैकड़ों साल के हो चुके है पेड़ो के उपचार के जरूरत है जिसके चलते मनपा आर्बोरिष्ट की नियुक्ति पर तत्काल निर्णय ले। पेड़ो की सुरक्षा के साथ लोगो का होने वाले जान के नुकसान से बचाया जा सकेगा।

# मुंबई के एक व्यक्ति ने ऑटो की सवारी के लिए अधिक पैसे देने से इनकार कर दिया

## बेंगलुरु में उसकी पिटाई कर दी गई

**मुंबई :** यहां एक फिनटेक कंपनी में काम करने वाले मुंबई के 32 वर्षीय डिजाइनर पर छह ऑटोरिक्शा चालकों के एक समूह ने हमला किया, क्योंकि उसने वास्तविक किराया से अधिक भुगतान करने से इनकार कर दिया था। पीड़ित की पहचान सरोन सिल्विस्टर विल्सन मोसेस के रूप में हुई है, जो मुंबई का रहने वाला है और पिछले दो साल से मराठाहल्ली में रह रहा है।घटना रविवार रात डेढ़ से दो बजे के बीच की है. मूसा ने वर्थुर से मराठाहल्ली के लिए एक ऐप के माध्यम से एक ऑटो बुक किया था, जिसे 35 वर्षीय एचएम धनंजय चलाते थे।

मराठाहल्ली में आउटर रिंग रोड पर बाटा शोरूम के सामने ऑटो रोकने के बाद, धनंजय ने कथित तौर पर 700 रुपये का भुगतान करने की मांग की। मूसा केवल ऐप में दिखाई



गई राशि का भुगतान करने के लिए सहमत हुआ। इससे निराश होकर ड्राइवर ने कथित तौर पर झगड़ा शुरू कर दिया और उसके साथ पांच अन्य ऑटो चालक भी शामिल हो गए। उन सभी ने कथित तौर पर उस पर कुंद हथियार से हमला करना शुरू कर दिया। जब पीड़िता के सिर से खून बहने लगा, तो आरोपी बिना वास्तविक चार्ज लिए ही भाग गया। मूसा का इलाज मणिपाल अस्पताल में किया गया, जहां उनके सिर पर 17 टांके लगे। उन्होंने मराठाहल्ली पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज की, जिसमें ऑटो पंजीकरण संख्या का विवरण प्रदान किया गया क्योंकि यह एक ऐप-आधारित बुकिंग थी। पंजीकरण विवरण के आधार पर, पुलिस आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। अन्य की तलाश जारी है. मूसा ने टीएनआईई को बताया कि वह अपने सहकर्मी को छोड़ने के बाद लौट रहे थे। ''छह ऑटो चालक थे जिन्होंने मुझ पर किसी लोहे की वस्तु से हमला किया। उनके भाग जाने के बाद मैं किसी तरह रात में घर पहुंची. कुछ लोग जो देख रहे थे उनसे मुझे कोई समर्थन नहीं मिल सका। फिर मैंने अपने चचेरे भाई को बुलाया, जो मुझे अस्पताल ले गया। मेरे सिर पर 17 टांके आए हैं और मैं अभी भी ठीक हो रहा हूं। मुझे पुलिस से कोई अपडेट नहीं मिला है.'' मराठहल्ली जाने से पहले मूसा ने अपनी महिला सहकर्मी को हरलूर में छोड़ा। ''ऑटो के किराये को लेकर आपस में बहस हो गई।

# मुंबई में लोकल ट्रेन में महिला के साथ बदसलूकी



**मुंबई :** लोकल ट्रेन में एक व्यक्ति के 24 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 23 जून की रात को पश्चिमी रेलवे के चर्नी रोड और ग्रांट रोड रेलवे स्टेशन के बीच हुई। महिला ने घटना के पांच दिन बाद बुधवार को रेलवे पुलिस से इसकी शिकायत की। मुंबई सेंट्रल रेलवे पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354-ए (यौन उत्पीड़न) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, महिला चर्चगेट जाने वाली ट्रेन पर चर्नी रोड स्टेशन में चढ़ी थी, जैसे ही वह ग्रांट रोड स्टेशन के पास पहुंची उस व्यक्ति ने उतरने से पहले उसे भद्दे इशारे किए और अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया।

# महिला से छेड़खानी और बलात्कार की धमकी देनेवाला आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** कोलाबा पुलिस ने महिलाओं से छेड़खानी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इलाके में आकर महिलाओं के लिए अपशब्द और बलात्कार करने जैसी धमकी दे रहा था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम अक्षय राजू चौरसिया (25) है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामला 28 तारीख की रात 10:00 बजे के लगभग का है।

जब एक महिला अपने किराएदार से हो रहे झगड़े को छुड़वाने के लिए नीचे आती है। इस बीच आरोपी महिला के लिए अपशब्द का इस्तेमाल कर उसे बलात्कार करने की धमकी देता है।इसके अलावा जब वह आरोपी को वहां से जाने के लिए कहती है, तो आरोपी उसके कपड़े खींचने लगता है। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई और फिर महिला की बहन ने पुलिस को सारी जानकारी दी। वह पुलिस को अपने साथ लेकर मौके पर पहुंची, जहां से आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। दरअसल आरोपी भी उसी इलाके में रहता है। जहां वह कई महिलाओं और लड़कियों से छेड़खानी करता रहता है। पुलिस मामले में यही जांच करना चाहती है कि आरोपी ने और किन किन महिलाओं के साथ छेड़खानी की है। इसलिए उसके पुलिस कस्टडी की मांग की गई। जिसके बाद शनिवार तक के लिए उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# लगातार दुसरे दिन पेड़ गिरने से दबकर हुई मौत!

## भायखला में गिरा पेड़ एक की मौत 5 बचे... 50 साल पुराना था पेड़

**मुंबई :** भायखला (पूर्व) इंदु ऑयल मिल कंपाउंड में आधी रात के करीब 2 बजकर 50 मिनट पर 50 साल पुराना बरगद का पेड़ गिर गया। पेड़ काफी विसाल काय था जिससे एक झोपड़ा पूरी तरह चपेट में गया। झोपड़ा भी पेड़ की डालियो के साथ जमिदोस्त हो गया। इस दुर्घटना में झोपड़े में रहे 6 लोग दब गए थे। पेड़ गिरने जानकारी दमकल विभाग को दी गई। पेड़ की डाली और झोपड़ी के मलवे में दबे लोगो को मनपा कर्मचारियों और दमकल जवानो मदत से बहार निकाला गया। घायलों में दो लोगो को ईलाज के लिए जे.जे. अस्पताल ले जाया गया। जहां पर एक युवक की इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय ही रास्ते में मौत हो गई। मुंबई में पेड़ गिरने की घटना से पिछले दो दिन में यह तीसरी मौत है।



मिली जानकारी के अनुसार भायखला (पूर्व), हंसराज लेन भायखला पुलिस स्टेशन के पास इंदु मिल कंपाउंड में 50 वर्ष पुराना एक विशाल काय बरगद का पेड़ था। इस पेड़ के बगल में एक छप्परनुमा झोपड़ी थी। जिसमें कुछ मजदूर रहते थे। बुधवार की आधी रात करीब 2.30 बजे पेड़ गिर गया। जिस समय पेड़ गिरा मजदूर गहरी नींद में सो रहे थे। झोपड़ी में सो रहे छह लोग पेड़ की फैली शाखाओं की चपेट में आ गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी और मनपा कर्मी सहित गार्डन विभाग के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। बरगद के पेड़ की सीधी शाखाओं में फंसे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हे दमकल जवानो निकाला अन्य 4 लोग खुद बाहर निकल आए थे। गंभीर रूप से घायल रहमान खान (22) और रिजवान खान (20) को तुरंत पास के जेजे अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल रहमान खान को ईलाज पूर्व ही मृत घोषित कर दिया.जबकि रिजवान का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई। बरगद का पेड़ 50 साल पुराना और विशाल काय उसकी डालियों को काटने और पूरा पेड़ हटाने में सुबह दस बज गया। पेड़ गिरने की चपेट में चपेट में आने से पिछले दो दिन में यह तीसरी घटना है। जिसमे तीन लोगो की पड़े से दबकर मौत हुई है।

# बाथरूम की छत गिरने से युवक की मौत



**मुंबई:** मुंबई में बीते कुछ दिनों से बारिश हो रही है. बारिश के कारण कई जगह से हादसों की खबरें आ रही हैं. इसी क्रम में शहर के कांदीवली पूर्व अशोक नगर बाल डोंगरी में गुरुवार को बाथरूम की छत गिरने से युवक की मौत हो गई. हादसा रात 9.33 बजे हुआ. घटना के बाद आननफानन शख्स को शताब्दी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां एडमिट करने से पहले ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान 35 साल के किशन दुल्ला के रूप में हुई है.

बता दें कि बीते दिनों शहर में पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई थी. पहली घटना मुंबई के भायखला इलाके की है जहां पेड़ गिरने से एक की मौत और एक जख्मी हुआ था. इसके पहले बुधवार को दिन में दो अलग -अलग हादसों में पेड़ गिरने से दो की मौत हुई थी.

# चार झोपड़ पट्टियों का 4 लाख 85 हजार लीटर पानी पर प्रक्रिया कर होगा दोबारा उपयोग...

## पानी का उपयोग गार्डेन और शौचालय के लिए होगा उपयोग

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने कोस्टल रोड किनारे कोलाबा से लेकर वर्ली तक की चार झोपड़ पट्टियों का दूषित पानी को ट्रीट कर उसका दोबारा उपयोग करने के लिए चार प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। मनपा रोजाना 4 लाख 85 हजार लीटर पानी को ट्रीट करेगी इस पानी का उपयोग गार्डेन और शौचालय सहित अन्य काम में उपयोग किया जाएगा।मनपा का कहना है इस ट्रीट मेट प्लांट के लग जाने से समुद्र में फेका जाने वाला दूषित पानी बंद हो जाएगा जिसका फायदा पर्यावरण को मिलेगा।



मनपा प्रशासन स्माइल कौंसिल की सहायता से कोलाबा में चार झोपड़ पट्टियों का पानी ट्रीट करने का निर्णय लिया हैं। कोलाबा के पास कोस्टल रोड किनारे बनी दरिया सागर , महालक्ष्मी मंदिर के पास की दरिया नगर , टाटा गार्डेन के पास की शिवाजी नगर और ऐनी बेसेंट रोड पर लवग्रोव पंपिंग स्टेशन के पास मारकंडेश्वर मंदिर के पीछे की झोपड़ पट्टी जहा पर लगभग 9 हजार 600 इतनी झोपड़ पट्टियां है जिसमे लाखो की संख्या में लोग रहते है।मनपा ने कोलाबा स्थित शिवाजी नगर झोपड़ पट्टी के पास का ट्रीट मेंट प्लांट बनाने का काम अंतिम चरण में पहुच गया है जबकि बकाया तीन केंद्र बनाने का काम भी जोर शोर से चल रहा है । शिवाजी नगर झोपड़ पट्टी से निकलने वाले 50 हजार लीटर गंदे पानी पर प्रक्रिया की जाएगी। जबकि दर्या सागर पर 35 हजार लीटर पानी पर प्रक्रिया होगी।वही दर्या नगर और मरकंडेश्वर मंदिर के पास की झोपड़ पट्टी का 1 लाख लीटर और 3 लाख लीटर पानी पर प्रक्रिया होगी । इस तरह कुल 4 लाख 85 हजार लीटर दूषित पानी पर रोजाना प्रक्रिया होगी।ट्रीट हुए पानी का उपयोग गार्डेन शौचालय सहित अन्य कामों में उपयोग होगा।यह चारो ट्रीटमेंट प्लांट मनपा स्टार्ट अप के तहत पूरा कर रही है।

# यहां-वहां की बातें करने से बेहतर कानून व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए - शरद पवार



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व सांसद शरद पवार ने कल राज्य की कानून व्यवस्था, समान नागरिक संहिता सहित अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र और राज्य की ईडी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सलाह दी कि उन्हें यहां-वहां की बातें करने से बेहतर कानून व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। पुणे में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद पवार ने कहा कि मुंबई, पुणे में पिछले छह महीने में २,४५८ लड़कियां लापता हुई हैं और राज्य के १४ जिलों में कुल ४,४३४ लड़कियां गायब हुई हैं। यह चिंता की बात है। राज्य में 'ईडी' सरकार स्थापित हुए एक वर्ष हो गए हैं। कई समस्याएं सामने हैं, उसमें सबसे महत्वपूर्ण सवाल कानून व्यवस्था का है। महिलाओं और लड़कियों पर हमलों की घटनाओं में दिनों दिन इजाफा हो रहा है। यह चिंता का विषय है। अन्य विषयों पर बोलने की अपेक्षा गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ऐसा शरद पवार ने कहा।

सुबह सरकार बनाने के लिए भाजपा और शरद पवार के बीच चर्चा हुई थी। सरकार बनाने के लिए राकांपा ने बाहर से समर्थन देने का निर्णय लिया था। बाद में शरद पवार ने निर्णय बदल दिया, ऐसा देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा था। देवेंद्र फडणवीस के इस बयान पर शरद पवार ने कहा कि जब हमने निर्णय बदल दिया तो देवेंद्र फडणवीस ने शपथ क्यों ली? मेरा समर्थन था तो दो दिन में सरकार वैष्से गिर गई? अपना विकेट खो चुका व्यक्ति कभी कहता है कि उनसे अपना विकेट खो दिया है? ऐसा तंज कसते हुए शरद पवार ने कहा कि फडणवीस सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

भाजपा देश के कई राज्यों में सत्ता पर कब्जा नहीं कर पाई है। कई राज्यों में भाजपा ने विधायकों को तोड़कर अपनी सत्ता स्थापित की। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में क्या हुआ, यह बताने की जरूरत नहीं है। जहां भाजपा सत्ता में है, वहां दंगे हो रहे हैं। मणिपुर ४५ दिनों से जल रहा है।

# अजित पवार के साथ शपथ को लेकर देवेंद्र फणडवीस का बड़ा खुलासा

## देवेंद्र फडणवीस के गुगली में फंसे शरद पवार

**फडणवीस के आरोप पर गोल – मोल दे रहे है जवाब**

**मुंबई :** राकांपा नेता अजित पवार के साथ 83 घंटे की सरकार बनाने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा खुलासा किया है.जिसे लेकर राज्य की राजनीती गलियारों में एक बार फिर बहस छिड़ गई है.एक चैनल को दिए गए साक्षात्कार में उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि अजित पवार के साथ हमारी बनी सरकार सिर्फ तीन दिन के भीतर इसलिए गिर गई क्योंकि राकांपा प्रमुख शरद पवार एन मौके पर पलट गए और भाजपा को समर्थन देने से नकार दिया। देवेंद्र फडणवीस ने पवार पर आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे के धोखा देने के बाद भाजपा -राकांपा की सरकार बनाने को लेकर शरद पवार तैयार थे, लेकिन वे फिर शपथ से ठीक पहले पलट गए और सरकार गिर गई. शरद पवार के अचानक अपने वादे से मुकर जाने के कारण अजित पवार के साथ सुबह -सुबह शपथ लेनी पड़ी थी. फडणवीस ने कहा कि सरकार बनाने को चल रही कवायद के बीच राकांपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने संपर्क किया था. इसके बाद बैठक में शरद पवार



से चर्चा हुई और उनकी सहमति के बाद सरकार बनाने की तैयारी की गई.शरद पवार ने कहा था कि एक स्थिर सरकार बनाने के लिए तैयार हैं. इसके बाद फैसला किया गया था कि राज्य में भाजपा और राकांपा की गठबंधन वाली एक स्थिर सरकार बनाएंगे.

**वादे से पलट गए शरद पवार, किया डबल गेम**

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार बनाने को लेकर तैयारियां की गई, लेकिन 3-4 दिन बाद ही शरद पवार अपने वादे पलट गए थे. इसके बाद अजित पवार को मेरे साथ आने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं था. फडणवीस ने कहा कि शरद पवार ने दूसरा गेम भी खेला. अजित पवार ने कहा था कि शपथ के बाद शरद पवार साथ देंगे; लेकिन ऐसा नहीं हुआ. आखिरकार वह सरकार गिर गई.

**पवार ने अपने भतीजे अजित पवार को फंसाया**

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अजित पवार और क्या कर सकते थे ?क्योंकि उनके चाचा शरद पवार ने फंसा दिया था इसलिए मजबूरी में उन्हें मेरे साथ आना पड़ा क्योंकि हमने पूरी तैयारी कर ली थी। हमने शपथ ली और अजित पवार सोच रहे थे कि शरद पवार साहब हमारे साथ होंगे क्योंकि हमने बहुत सारी बैठकें कीं। मैं मैं दोहराऊंगा कि शरद पवार ने उस समय सरकार बनाने की पहल की थी। शरद पवार ने कहा कि आगे भी आने वाले 13 और 14 जुलाई बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक होने वाली है. यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्दे पर पवार ने कहा कि इसे लेकर समन्वय और सामंजस्य पैदा करने की पहल करना जरूरी है.

### मैं सच बाहर लाने में सफल रहा – फडणवीस

शरद पवार के पलटवार पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, मुझे इस बात की खुशी है कि मेरी वजह से पवार ने सच्चाई को बाहर लाया और उन्होंने यह कबूल किया कि साल 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के साथ सरकार बनाने के लिए शरद पवार सहमत थे.पवार पर तंज कसते हुए फडणवीस ने कहा कि मैं सच उगलवाने में मैं सफल हो पाया. मैं भी गुगली मारूंगा. बचा हुआ सच भी सामने आएगा.

### फडणवीस ने क्यों लिया शपथ –शरद पवार

अजित पवार के साथ शपथ लेने मामले में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आरोप पर पलटवार करते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि फडणवीस को यह मालूम होना चाहिए की मैं तो विश्व क्रिकेट संघ का अध्यक्ष रह चुका हूं. क्रिकेट की मुझे अच्छी समझ है. मैंने एक गुगली फेंकी. देवेंद्र फडणवीस ने उस गुगली पर फडणवीस की विकेट चली गई. इसमें मेरा क्या दोष? अब वे ये बताते फिर रहे हैं कि देखो विकेट कैसे गिरा?. पवार गुरुवार को पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे. पवार ने कहा कि देवेंद्र फणडवीस बार –बार मुझपर मुकर जाने का आरोप लगा रहे है.शरद पवार ने आगे कहा कि, देवेंद्र फडणवीस के दिल की बेचैनी बाहर आ गई है. आने दीजिए. पवार ने कहा कि इन बातों की बजाए फडणवीस को राज्य में कानून के बिगड़ते हालात पर ध्यान लगाना चाहिए. जनवरी से मई तक राज्य से 2458 महिलाएं गायब हो गई हैं. पुणे से 937 महिलाएं लापता हैं. मुंबई, ठाणे से सात सौ से ज्यादा महिलाएं गायब हैं. फडणवीस उनका पता लगाएं.

### संसद और विधानसभा में महिलाओं को मिले आरक्षण

शरद पवार ने कहा कि संसद और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर अन्य राजनीतिक दलों से भी बात करने वाले हैं. उन्होंने कहा कि सुप्रिया सुले ने अपनी मेहनत से अपना मुकाम बनाया है. पीएम नरेंद्र मोदी के राकांपा पर लगाए गए 70 हजार करोड़ के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की पटना में बैठक के बाद पीएम मोदी बौखला गए हैं.

## मेट्रो रेल स्टेशन के निकट मिट्टी धंसने के मामले में निजी ठेकेदार, क्षेत्र अभियंता गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने उपनगरीय बोरीवली के मगाठाणे में मेट्रो रेल स्टेशन के पास इस सप्ताह मिट्टी धंसने की घटना के सिलसिले में एक ठेकेदार और निजी निर्माण परियोजना के क्षेत्र अभियंता को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अधिकारियों ने कस्तूरबा मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह के प्रारंभ में भारी बारिश के बाद मेट्रो लाइन-7 पर मगाठाणे स्टेशन के निकट खुदाई वाले स्थान पर मिट्टी धंस गई थी। उन्होंने कहा कि परियोजना स्थल पर खुदाई का काम एक निजी बिल्डर कर रहा था। मेट्रो स्टेशन के दहिसर की ओर वाले निकास द्वार के पास मिट्टी धंसी थी, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। इसके कारण लोगों ने अंधेरी पूर्व और दहिसर पूर्व के बीच मेट्रो रेल संचालन को लेकर सवाल खड़े किए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एमएमआरडीए की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (खराब एवं लापरवाही से किए गए कृत्य के कारण मानव जीवन को खतरे में डालना) और 34 (साझा मंशा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

उन्होंने कहा, ''निजी ठेकेदार और क्षेत्र अभियंता को गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।'' शिकायत के अनुसार, ठेकेदार और क्षेत्र अभियंता ने 'पाइलिंग' कार्य के दौरान एहतियाती उपाय नहीं किए थे। 'पाइलिंग' किसी निर्माणाधीन इमारत के नीचे जमीन में नींव खोदने या गहरा करने की प्रक्रिया है।

## मुंबई की सोसाइटी में बकरा लाने पर विवाद के बाद अब मोहसिन खान पर FIR, शिंदे शिवसेना से दिया इस्तीफा





**मुंबई :** बकरीद से पहले अपने घर में बकरा लाने को लेकर सुर्खियों में आए मीरा रोड निवासी मोहसिन खान एक और मुसीबत में फंस गए हैं। एक 63 वर्षीय महिला पड़ोसी ने कथित तौर पर मोहसिन खान पर एक प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें दावा किया गया है कि बकरी के लिए हंगामा होने पर मोहसिन ने उसके साथ ''छेड़छाड़'' की थी।

**महिला ने दुर्व्यवहार का लगाया आरोप**

रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार रात बहस के दौरान मौजूद दूसरे समाज की बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि मोहसिन खान ने उन्हें बुढ़िया कहते हुए धक्का मारा और दुर्व्यवहार किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि काशीमीरा पुलिस ने मोहसिन पर आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया है।

**पहले मोहसिन ने की थी शिकायत**

इससे दो दिन पहले मोहसिन ने अपनी सोसायटी के 30 निवासियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने उसकी पत्नी पर हमला किया, जब वह मोहसिन को हमले से बचाने की कोशिश कर रहीं थी।

**यह है पूरा मामला**

मंगलवार शाम को उस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया जब महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक आवासीय परिसर के निवासियों के एक वर्ग ने मुस्लिम परिवार द्वारा अपने घर में बकरा लाने पर आपत्ति जताई। पुलिस ने किसी भी मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की है। मोहसिन के हवाले से कहा गया है कि सोसायटी के कुछ निवासियों ने हमले की योजना बनाई थी और अन्य सोसायटी के लोगों को भी इकट्ठा किया था। जब उनसे मारपीट और छेड़छाड़ के आरोपों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा,

## आरपीएफ की मुस्तैदी : दबोचा गया मोबाइल चोर



**वसई :** विरार रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मोबाइल चोरी के मामले में एक २१ वर्षीय चोर को रंगे हाथ पकड़ा, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है। बता दे कि विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ बड़ी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करती दिख रही। वही स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी व एफआरएस सिस्टम के माध्यम से आरपीएफ अपराधियों को पकड़ने में सफल होती दिख रही है। इसी क्रम में २६ जून को आरपीएफ विरार सी.पी.डी.एस टीम के सी. टी. राकेश तंवर और सी.टी प्रधान चौधरी ने (टीओपीबी) विरार स्टेशन की निगरानी के दौरान एक मोबाइल चोर को विरार रेलवे मध्य एफओबी स्थित रंगे हाथ पकड़ा, जिसका नाम सैय्यद मोहम्मद अब्बास, उम्र २१ वर्ष, निवासी - गोपचार पाडा, विरार (पूर्व) रहने वाला है।



# सिमी के आतंकियों के संबंध में बड़ा खुलासा...



**मुंबई :** सिमी के लोग अब वैश्विक तौर पर कुख्यात आतंकी संगठन 'इस्लामिक स्टेट' (आइसिस) में समाहित होने लगे हैं। सिमी के आतंकियों के संबंध में बड़ा खुलासा हुआ है। सिमी के आतंकी 'आइसिस' का दामन थाम रहे हैं। कनाडा में हाल ही में गिरफ्तार किए गए मुलुंड ब्लास्ट के आरोपी वैष्ठम बशीर की निशानदेही पर एमपी के खंडवा से अब्दुल रकीब कुरैशी की गिरफ्तारी के बाद इसका खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि आईएसआईएस के ट्रेनिग कैंप में शामिल हो चुका सिमी के पूर्व नेता वैष्ठम के साथ अब्दुल रकीब कुरैशी सोशल मीडिया के जरिए युवाओं का ब्रेनवॉश कर रहा था और आइसिस का ब्रिगेड बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। इसको लेकर अब गृह विभाग ने भी अलर्ट जारी किया है।

# दो दिन की बारिश से तालाबों में भी बढ़ा जल स्तर...

## 9 प्रतिशत तालाबों में कुल जमा पानी



**मुंबई :** इस साल मानसून देरी से आने के कारण मुंबई में कल से 10 प्रतिशत पानी कटौती का सामना लोगो को करना पड़ेगा। मनपा प्रशासन ने तालाबों के गिरे जल स्तर से शनिवार से पुरे मुंबई शहर और ठाणे शहर में होने वाली जलापूर्ति में 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्देश दिया है। पिछले शनिवार से प्री मानसून और सोमवार से शुरू हुई बारिश से तालाब में भी पानी जमा होना शुरू हो गया है। दो दिन हुई तालाब क्षेत्रों में अच्छी बारिश से तालाब में लगभग 2 ,5 प्रतिशत पानी जमा हो गया है। बारिश का जोर इसी तरह 15 जुलाई तक बना रहा तो शुरू हुई पानी कटौती पर मनपा दोबारा विचार करेगी।

उल्लेखनीय है कि मुंबई में मानसून आने का समय 10 जून तक माना जाता है इस साल 23 जून तक बारिश शुरू नही होने पर मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाले सात तालाबों में मात्र 6,49 प्रतिशत पानी शेष रह गया था मुंबई को राज्य सरकार ने भातसा और अप्पर वैतरण से रोजाना 150 एम एल डी अतिरिक्त पानी रिजर्व कोटे से देने लगी। मनपा प्रशासन इसी के चलते 23 जून तक बारिश नही होने पर भी पानी कटौती पर कोई निर्णय नहीं लिया बारिश का अनुमान नहीं होने और तालाबों के घटते जल स्तर के कारण मनपा ने 1 जुलाई से पूरे मुंबई शहर में 10 प्रतिशत पानी कटौती करने का निर्णय लिया पिछले दो दिनों से तालाब क्षेत्रो में हो रही अच्छी बारिश का असर है कि तालाब का जल स्तर थोड़ा बढ़ने लगा है दो दिन में सभी सात तालाबों में कुल 2,5 प्रतिशत पानी जमा होकर कुल पानी 9 प्रतिशत के करीब पहुंच गया सभी तालाबों में लगभग 24 हजार 239 दश लाख लीटर पानी दो दिनों में जमा हुआ है बुधवार को अकेले सभी सातों तालाब में चौबीस घंटे के दौरान 100 मिमी से अधिक बारिश दर्ज हुई जो कि मुंबई के लोगो के लिए थोड़ा राहत देने वाली खबर है दो दिन की बारिश से लोगो को भले ही परेशानी झेलनी पड़ी हो लेकिन तालाब क्षेत्रों में हुई बारिश का कुछ फायदा भी मिला है मुंबई में रोजाना होने वाली पानी सप्लाई 3500 एम एल डी के हिसाब से सभी सात तालाबों में कुल 14 लाख 47 हजार दस लाख लीटर पानी जमा हो जाने पर साल भर का जल संकट दूर हो जाएगा।

# खाद्य वस्तुओं के दाम महंगा



**मुंबई :** खाद्य वस्तुओं के दाम रोज उछल रहे हैं। दाल-चावल-सब्जियां और मसाले से लेकर दूध तक महंगे होते जा रहे हैं और सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। गेहूं के दाम भी इस साल खूब बढ़े हैं। इस साल औसतन गेहूं के दाम १० रुपए बढ़े हैं। सबसे ज्यादा दाल में आग लगी हुई है। यही वजह है कि अब सरकार दाल का बफर स्टॉक बाजार में उतारने जा रही है। खाद्य मंत्रालय के अनुसार जब तक आयातित अरहर की दाल खुले मार्केट में नहीं आती है, तब तक सरकार इसे जारी रखेगी। अरहर की दाल का आयात मुख्य तौर पर म्यांमार और तंजानिया, मोजाम्बिक और सूडान जैसे पूर्वी अफ्रीकी देशों से किया जाता है। इन देशों से अरहर की दाल जुलाई के अंत या अगस्त माह में आने की संभावना है। हिंदुस्थान दालों का एक बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक है और यह आयात के माध्यम से अपनी खपत की जरूरतों के एक हिस्से को पूरा करता है। यहां मुख्य रूप से अरहर, चना, मसूर, उड़द और काबुली चने का सेवन किया जाता है। साल २०२२-२३ फसल सीजन में अरहर की दाल का उत्पादन करीब ३७ लाख टन होने की संभावना है, जबकि इसकी कुल डिमांड ४८ से ५० लाख टन के करीब है। अगर आयातित दालें अगस्त तक खुले मार्केट में नहीं आ सकीं तो अरहर की दाल की कीमत २०० रुपए तक जा सकती है। अगस्त से फेस्टिव सीजन शुरू हो जाएगा तो इसकी डिमांड में २० से ३० फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी। इसी तरह एक तरफ सरकार जहां दालों के दामों को कंट्रोल करने में लगी है, वहीं अब चावल की बढ़ती कीमतों ने परेशानी बढ़ा दी है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार चावल की औसत कीमत ४५ रुपए प्रति किलो है, जो पिछले साल की तुलना में करीब १० फीसदी ज्यादा है। जानकारों का मानना है कि अगर मॉनसून सामान्य नहीं रहा, बुवाई में कमी हुई और अल नीनो का असर देखने को मिला तो चावल के थोक और रिटेल दामों में इजाफे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।


# 5 दिनों में रिकॉर्ड बारिश



**मुंबई :** शनिवार से बरसात की रफ्तार धीमी होने लगेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, इस मानसून के दौरान केवल ५ दिनों में ही ३७१.४ मिमी बारिश दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि इस साल अरब सागर में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण मानसून के आगमन में देरी हुई। मानसून ने ८ जून यानी सात दिन की देरी से केरल में प्रवेश किया, जबकि आमतौर पर एक जून को यह केरल में प्रवेश करता है। उसके बाद ७ जून तक मानसून आता है। हर साल की तुलना में इस साल अरब सागर में बिपरजॉय तूफान की वजह से मानसून के आगमन में देरी हुई। इन सबके बीच अब मानसून महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों और हरियाणा के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है, जिससे लोग राहत महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बताया कि मुंबई के लिए आज यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान मुंबई में भारी बारिश होने की उम्मीद है। १ जुलाई से मुंबई में बारिश की रफ्तार धीमी पड़ने लगेगी। इस अवधि में बरसात को लेकर कोई भी चेतावनी जारी नहीं की गई है। महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। इस बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी जमा हो गया है। इसके चलते कुछ जगहों पर यातायात प्रभावित होने की तस्वीर सामने आ रही है, वहीं प्रदेश में शुरू हुई बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है।

# खस्ताहाल शताब्दी अस्पताल !

**मुंबई :** मुंबई मनपा द्वारा संचालित गोवंडी स्थित पंडित मदनमोहन मालवीय शताब्दी अस्पताल खस्ताहाल स्वास्थ्य सुविधाओं का दंश झेल रहा है। अस्पतालों में केवल सफाई के अलावा अन्य कोई भी सुविधाएं नहीं मिल रही है। फिर वो चाहे समय पर इलाज हो या फिर डॉक्टरों और नर्सों के व्यवहार की बात हो। डॉक्टरों और नर्सों के मरीजों और उनके परिजनों के साथ बेहद अपमानजनक रवैये का सामना देखने को मिलते रहता है। उनके व्यवहार से यही प्रतीत होता है कि दूर दराज क्षेत्रों से आए मरीजों को तो मेडिकल स्टाफ इंसान ही नहीं मानते हैं। इसके अलावा अस्पताल में मरीजों के लिए बेड भी कम है। लोगों को डॉक्टरों को दिखाने के लिए लंबी लाइन में खड़े रहना पड़ता है। सीटीस्कैन और एमआरआई के लिए लंबी तारीख मिल है। इसी तरह की कई असुविधाओं की मार अस्पताल को झेलनी पड़ रही है। ऐसे में मरीजों को कहना पड़ रहा है कि शताब्दी१ अस्ताल की बदहाली के चलते आखिरकार अब मरीजों का इलाज कैसे होगा?




ज्ञात हो कि मनपा ने साल १९८२ में गोवंडी में १८० बेड का पंडित मदन मोहन मालवीय शताब्दी अस्पताल बनाया था, जिसे बाद में बढ़ाकर २१० बेड कर दिया गया। इसमें सामान्य वार्डों के साथ ही सर्जिकल, मेडिकल और ट्रॉमा के साथ एमआईसीयू वॉर्ड भी हैं। इस अस्ताल में बैगनवाड़ी, चेंबूर, शिवाजीनगर, गोवंडी, मानखुर्द समेत आस-पास के क्षेत्रों से अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब दो से तीन हजार मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं, जबकि २० से ३० मरीजों को विभिन्न वार्डों में भर्ती कराया जाता है। इसके साथ ही १० से १५ सर्जरियां भी होती हैं। इस अस्पताल को बनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य था कि आस-पास के झुग्गियों में रहने वाले करीब १५ लाख की आबादी का सही इलाज किया जा सके। लेकिन झुग्गियों में रहनेवाले लोगों का इलाज करते-करते अब यह अस्पताल खुद ही बीमार हो गया है। यहां आनेवाले मरीजों का सही तरीके से इलाज नहीं हो रहा है। मनपा और अस्पताल प्रशासन की तरफ से उचित ध्यान न दिए जाने से यहां बुनियादी जरूरतों की किल्लत बनी हुई है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में न्यूरो समेत कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है। ऐसे में उन्हें मजबूरन मनपा के दूसरे बड़े अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है।



# पहले चाकू व लोहे के रॉड से हमला फिर हुई फायरिंग... पकड़ा गया फरार आरोपा

**वसई :** नायगांव पुलिस स्टेशन क्राइम डिटेक्शन टीम ने हत्या के प्रयास और फायरिंग का आरोपी को महज ४८ घंटे के अंदर गिरफ्तार कर ली है। आरोपी के पास पुलिस ने एक गावठी बंदूक, १२ बोर बंदूक के कुल तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह कार्रवाई परिमंडल २ डीसीपी पौणिमा चौगुले श्रींगी व एसीपी पदमजा बडे के मार्गदर्शन में नायगाव पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस निरीक्षक रमेश भामे व पो.नि. मिलींद साबले (गुन्हे), के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन स.पो. नि.संतोष सांगवीकर की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है। पुलिस ने बताया कि १५ जून को दोपहर २,४५ बजे भारत लैडर कंपनी,बेलकाडी गांव, कामण नायगांव स्थित शिकायतकर्ता सक्रुद्दीन चौधरी नामक अपने छोटे दामाद सलीम अली टोले और



मैनेजर खुर्शीद अंसारी के साथ एक एल्युमीनियम कंपनी में काम करते थे। वहीं पर शिकायतकर्ता का बड़ा दामाद इब्राहिम हसन शेख हाथ में चाकू और लोहे का रॉड लेकर आया और बिना कुछ कहे छोटे दामाद सलीम टोले पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही जब शिकायतकर्ता उसे बचाने गया तो उसके दामाद इब्राहिम शेख ने जान से मारने की नियत से उसकी गर्दन पर वार कर दिया और शिकायतकर्ता के सिर के ऊपरी हिस्से को चाकू से गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी तरह इब्राहिम शेख ने अपने हाथ में लिए लोहे के रॉड से शिकायतकर्ता के पेट और पीठ पर गंभीर रूप से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत दर्ज कराये जाने पर नायगांव थाने में उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध कलम ३०७, ३२६, ३२४ कलम १३५ के तहत मामल ा दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, उक्त अपराध में शिकायतकर्ता द्वारा इब्राहिम हसन शेख नाम का आरोपी थाने में केस दर्ज होने से नाराज था, आरोपी इब्राईम हसन शेख द्वारा कामण गांव अंतर्गत शिकायतकर्ता के घर पास १५ जून को रात्रि के समय २१.०० बजे करीब साक्षीदार के घर पर बिना लाइसेंस की १२ बोर की बंदूक से पहली मंजिल पर खिड़की के शीशे पर दो राउंड फायर कर खिड़की का शीशा तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में नायगांव थाना पुलिस ने कलम २७(१) के तहत मामला दर्ज किया गया है, अपराध को अंजाम देने के बाद से आरोपी उक्त क्षेत्र के जंगल में भाग गया था। पुलिस ने (२८ जून) बताया कि उक्त अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ जनों द्वारा क्राइम डिटेक्शन टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उक्त अपराध का पदार्फाश करने हेतु निर्देशित एवं निर्देशित किया गया था।तदनुसार क्राइम डिटेक्शन स्क्वाड की अलग-अलग टीमें नियुक्त कर मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कामन क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में आरोपी इब्राहीम हसन शेख (४५), को हिरासत में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# मुंबई विश्वविद्यालय में महासभा और सीनेट सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान 5 जुलाई को



**मुंबई :** ५ जुलाई को मुंबई विश्वविद्यालय में महासभा और सीनेट सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान होगा। हालांकि, इस चुनाव के लिए मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा किए गए आयोजनों पर कई कॉलेजों के प्राध्यापकों और शिक्षकों ने आपत्ति जताई थी। इन शिकायतों के बाद कॉलेजों में प्राध्यापकों को मतदान के लिए दूर-दराज के मतदान केंद्र दिए गए थे। वोटिंग के लिए प्राध्यापकों को छुट्टी नहीं दी गई है। इसी में मतदान केंद्रों पर पहुंचने के लिए काफी समय लगने के चलते इस बात का डर था कि इस साल मतदान का प्रतिशत घट जाएगा। हालांकि, अब शिकायत के बाद विश्वविद्यालय ने मतदान केंद्रों की संशोधित सूची की घोषणा की है।

खोपोली के केएमसी कॉलेज के प्राध्यापकों को मतदान के लिए कल्याण के अग्रवाल कॉलेज को चयनित किया गया था। हालांकि, कर्जत के कोकण ज्ञानपीठ मतदान केंद्र पर प्राध्यापक अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकते थे। इसी तरह खेड़ स्थित घरडा कॉलेज के प्राध्यापकों को मतदान के लिए ६० किमी दूर दापोली के वराडकर कॉलेज में मतदान केंद्र दिया गया था। इसके विपरीत १४ किमी दूर चिपलून में डीबीजे कॉलेज प्रोफेसरों के लिए सुविधाजनक था। इस मामले में मुक्ता संगठन द्वारा किए गए पत्राचार के बाद विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव कार्यालय ने मतदान केंद्र में बदलाव कर दिया है और संशोधित मतदान केंद्र सूची की घोषणा की है।

# मनपा की ओर से खर्च किए गए करोड़ों रुपए बर्बाद!



**मुंबई :** महानगर मुंबई में मानसून को लेकर मनपा हर साल तैयारियां करती है। इस बार भी मानसून से पहले मनपा प्रशासक की अगुवाई में जोरदार तैयारियों का दावा किया गया। लेकिन यह दावा मानसून की पहली बारिश में ही फिर खोखला नजर आया। मानसून की तैयारियों को लेकर मनपा की ओर से खर्च किए गए करोड़ों रुपए बर्बाद होते नजर आए। मनपा ने मानसून से पहले नालों की सफाई के लिए जमकर खर्च किया, सड़क के गड्ढों को भरने के लिए ठेकेदार नियुक्त किए। भारी बारिश के दौरान जगह-जगह जलजमाव के निकासी के लिए पंप लगाए गए। इन सभी उपायों के बावजूद पहले मानसून में जलजमाव के साथ-साथ सड़कों पर गड्ढे भी हो गए। मानसून को लेकर मनपा के तमाम दावों की पोल खुल गई। हालांकि, मनपा अधिकारी इस पर लीपापोती कर रहे हैं। मुंबईकरों के समक्ष मनपा के खोखले दावे की पोल खुलकर सामने आ गई हैं। मनपा ने भले ही मानसून की तैयारियां की हों, लेकिन मुंबईकरों को मायूस किया है। मनपा ने समय से पहले ही नाला सफाई का दावा किया था। इस बार नाला सफाई पर मनपा ने २५७ करोड़ रुपए खर्च किया है। इसी के साथ सड़कों पर गड्ढों को पाटने के लिए दो आधुनिक तकनीक का उपयोग किया है। गड्ढे पाटने के लिए मनपा ने १४४ करोड़ रुपए का ठेका दिया गया है। इतना ही नहीं जलजमाव को रोकने के लिए पूरे मुंबई में ४५० पंप लगाए गए हैं। रास्तों पर खतरनाक वृक्षों की छंटाई के लिए लगभग ११० करोड़ रुपए का ठेका दिया है। मुंबई में खतरनाक पेड़ों की छंटाई का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। जिसका परिणाम है कि मानसून के दस्तक के साथ ही अब तक मुंबई में ३ लोगों की मौत पेड़ों के गिरने से हुई है और कुल मौतें ९ हुईं।

# ठाणे समेत छह जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, मुंबई सहित सात जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

**मुंबई :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को महाराष्ट्र में छह जिलों और तीन जिलों के लिए कल यानि शुक्रवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इन छह जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान लगाया है। आईएमडी ने आज सात जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही मुंबई और ठाणे सहित पांच जिलों के लिए शुक्रवार को, 1 जुलाई को तीन जिलों, 2 जुलाई को चार और 3 जुलाई को चार जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारत



मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को 'ऑरेंज अलर्ट जारी किया था और महाराष्ट्र के छह जिलों पालघर, रायगढ़, ठाणे, रत्न ागिरी, सिंधुदुर्ग तथा नासिक में बृहस्पतिवार को भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया था। आईएमडी ने मुंबई के लिए 'येलो अलर्ट जारी किया है और गुरुवार को अपेक्षाकृत थोड़ी हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है।

नगर निकाय अधिकारियों के अनुसार, शहर तथा उपनगरों में बृहस्पतिवार सुबह से अधिक जलभराव की कोई सूचना नहीं मिली है। रातभर हुई भारी बारिश के बाद बारिश की तीव्रता कम हुई है। मुंबई के पश्चिमी उपनगरों बुधवार को पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी। बीएमसी के अनुसार, बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में द्वीप शहर, पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में औसतन क्रमशः 93 मिलीमीटर, 127 मिलीमीटर तथा 123 मिलीमीटर बारिश हुई।

# इमारत के मीटर बाक्स रूम में लगी आग

**ठाणे :** कलवा की नो मंजिली इमारत के विद्युत मीटर रूम में अचानक आग लगने से धुआं धुंआ हो गया जिससे रहवासियों में भगदड़ मच गयी। टोरेंट पावर कंपनी और अग्निशमन दल के कर्मचारियों ने आग को समय पर नियंत्रित कर लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। मनपा आपदा प्रबंधन अधिकारी यासिन तडवी ने बताया कि आज दोपहर करीब 2 बजकर 55 मिनट पर कलवा टकोली मोहल्ला की मकुबा हाईट 9 मंजिली इमारत के मीटर रूम में अचानक आग लग गयी। आग से निकल रहे धुआं को देख इमारत के रहवासियों में भगदड़ मच गयी। इमारत में



30 - 35 लोग फंसे हुए थे जिन्हें अग्निशमन और आपदा प्रबंधन कक्ष के कर्मचारियों ने उन्हें बाहर निकालने में मदद की। नागरिकों के साथ ही बकराईद की कुबार्नी के लिए लाये गए 13 बकरे भी सुरक्षित बच गए हैं। इस घटना में इमारत में मुख्य मीटर सहित 54 विद्युत्मीटर जलकर खाक हो गए है। मानसून के दौरान शार्टसर्किट से आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

# पैसे वयूलने के आरोप में 6 के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** ठाणे जिले में निजी स्कूल की जमीन हड़पने और उसके प्रबंधन से पैसे वसूलने की कोशिश करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कलवा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने मंगलवार को यहां कलवा थाने में शिकायत दर्ज कराई कि चाल (किराये) का निर्माण करने और उन्हें किराए पर देने के बहाने 29 सितंबर 2022 को आरोपी ने स्कूल परिसर में खुदाई का काम शुरू किया। उन्होंने बताया कि जब प्रबंधन ने इस पर आपत्ति जताई तो आरोपियों ने कथित तौर पर स्कूल की संपत्ति में तोड़फोड़ की और संस्थान चलाने देने के लिए प्रबंधन से पैसे ऐंठने की भी कोशिश की।




# अमित शाह ने पूछा-आपको राहुल चाहिए या नरेंद्र मोदी

## 27 मिनट में 8 बार नीतीश का नाम लिया, कहा–वे कांग्रेस की चौखट पर बैठे हैं

**पटना/लखीसराय।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लखीसराय में कहा कि कांग्रेस 20 साल से राहुल बाबा की लॉन्चिंग कर रही है। इस बार भी पटना से कांग्रेस ने राहुल की विफल लॉन्चिंग की है। आपको 20 बार से फेल राहुल बाबा चाहिए या नरेंद्र मोदी। नीतीश कुमार सीएम बने रहना चाहते हैं, उन्हें पीएम नहीं बनना है। अमित शाह ने अपनी 27 मिनट के भाषण में 8 बार नीतीश कुमार का नाम लिया। उन्होंने कहा कि पलटूराम नीतीश बाबू कहते हैं कि 9 साल में क्या किया? नीतीश बाबू जिनके कारण आप मुख्यमंत्री बने, जिनके साथ इतना साल बैठे कुछ तो लिहाज करो। नीतीश बाबू आप सुनना चाहते हो तो पूरा हिसाब देने आया हूं। लालू को भी निशाने पर लिया।



नीतीश बाबू को पूछना चाहता हूं आपने क्या किया? जो नेता हर बार बदले उस पर विश्वास कर सकते हैं क्या? ऐसे आदमी के हाथ में बिहार सौंपना चाहिए क्या? इसलिए कांग्रेस की चौखट पर बैठे हैं। वो बस मूर्ख बना रहे हैं। वो सीएम बने रहना चाहते हैं।

### 20 पार्टियों ने 20 लाख करोड़ का घोटाला किया

केंद्रीय गृह मंत्री ने पटना में आयोजित विपक्षी एकता की बैठक में शामिल एक–एक पार्टियों का नाम लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 20 से ज्यादा पार्टियां इकट्ठा हुई। ये 20 पार्टियां कौन हैं? ये 20 लाख करोड़ का घपला, घोटाला–भ्रष्टाचार किया है। 20 लाख करोड़ घोटाला करने वाले कांग्रेस, लालू यादव और कांग्रेस के साथ मिले हैं। नीतीश बाबू आपकी राजनीति पैदाइश ही भ्रष्टाचार का विरोध करके हुई। इंदिरा के आपातकाल के विरोध से ही शुरू हुई।

### पूरी दुनिया मोदी–मोदी कह रही है

अमित शाह ने कहा कि मोदी जी विश्व में जहां– जहां जाते हैं मोदी मोदी मोदी के नारे लगते हैं। अभी–अभी अमेरिका गए थे कोई इनका अपॉइंटमेंट कोई हस्ताक्षर तो कोई पैर छूकर आशीर्वाद मांग रहा है। वो मोदी जी का सम्मान नहीं है, ये मुंगेर वालों आपका, बिहार और 130 करोड़ भारतीय जनता का सम्मान है।

### 10 महीने में 5वां बिहार दौरा

बीते 10 महीनों में ये उनका 5वां दौरा है। लखीसराय की रैली को कई मायने में अहम माना जा रहा है। अपने दौरे के दौरान शाह 6 जिलों के 3 लोकसभा और 20 विधानसभा क्षेत्रों को साधने की कोशिश करेंगे। लखीसराय के मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह सांसद हैं।

# एक ही स्कूल से 5 बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर सम्मान

कैलारस। नगर के नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023 में ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल कैलारस के के नियमित छात्र छात्राओं चिंकी बंसल,आयुष जाटव,अनुष्का शर्मा,रितिका धाकड़,मंजेश धाकड़ का चयन होने पर ऑक्सफोर्ड स्कूल कैलारस में चयनित छात्र छात्राओं को माता पिता के साथ



माला पहनाकर शील्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही 5 में से 4 बच्चो के साथ मेहनत करने वाले शिक्षक सुमित तोमर को भी माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पालकों अमर सिंह कोठारी, पवन बंसल, रामभजन धाकड़, कुलदीप शर्मा, रामवीर धाकड़ व चंद्रकांत शर्मा ने स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सदस्य श्री छत्रपाल वर्मा व समिति के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता का सम्मान किया। अंत में स्कूल के संचालक नीरज गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था बच्चों के बेहतर परिणाम के लिए निरंतर प्रयत्नशील है।

# राम कथा और भागवत कथा का श्रवण से होता है जीवन का उद्धार

## निखिल गैपरा धाम में रामकथा छटवां दिन

**जौरा ।** मानव जीवन को संतुलित और मर्यादित बनाने के लिए रामचरितमानस का श्रवण और अनुसरण करना चाहिए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन चरित्र हमें मर्यादित जीवन जीने की न केवल प्रेरणा देता है बल्कि मर्यादित जीवन जीने की कला भी सिखाता है मानव को किशोर और युवा अवस्था में रामचरितमानस की कथा का श्रवण और अध्ययन करके अनुसरण करने का प्रयत्न करना चाहिए तथा जीवन के अंतिम समय में भागवत महापुराण की कथा का श्रवण और अनुसरण करना चाहिए भागवत कथा बेटों को अपने



माताजी पिताजी और बुजुर्गों को देहांत के बाद भी सुनाने की व्यवस्था करना चाहिए इससे कल्याण और गति होती है यह बात मध्य प्रदेश निखिल धाम बरखंडी सरकार आश्रम गैपरा मे श्री राम वन गमन कथा के पावन प्रसंग मे स्वामी पंचमानंद जी ने कही आज छठे दिन के पावन प्रसंग में कथा का वाचन करते हुए स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने पिता की आज्ञा पालन में भगवान रामकी वन गमन की कथा का मार्मिक वर्णन किया इस अवसर पर एडीजीपी पुरुषोत्तम शर्मा मनीष शर्मा अन्ना रोहित शर्मा संजय यादव जगदीश शुक्ला जी अध्यक्ष सनाढ्य ब्राह्मण महासभा एचएल ग्रुप के डायरेक्टर एल एन त्यागीआदि ने व्यासपीठ का पूजन कर व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया कथा में आसपास के गांवों के महिला पुरुष एवं बच्चों सहित संत समाज बहुतायत में उमड़ रहा है निखिल धाम में स्फटिक शिवलिंग की स्थापना की गई है यह अपने आप में एक दुर्लभ शिवलिंग है और यही प्राचीन बनखंडेश्वर हनुमान जी का मंदिर है आज की कथा में व्दारिका ठेकेदार संतोष शर्मा सुरेश शर्मा केशव शर्मा रामबाबू शर्मा शिक्षक एच एल ग्रुप के डायरेक्टर एलएन त्यागी एचएल पब्लिक स्कूल से श्रीमति प्रभा त्यागी आदि लोग उपस्थित थे।

# नशा से तन, मन, धन का नाश तो होता है, व समाज में प्रतिष्ठा भी कम होती है , इसलिए नशा नहीं करना चाहिए : वीरेंद्र सिंह तोमर

**पोरसा ।** नशा नाश की जड़ है ,इसलिए नशा किसी को नहीं करना चाहिए, चाहे वह सिगरेट हो, चाहे तमाखू हो, चाहे शराब हो, इन नशा को करने से शरीर बर्बाद होता है धन बर्बाद होता है समाज में प्रतिष्ठा घटती है इसलिए सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम नशा ना करेंगे ना ही सामने वाले को करने देंगे नशा छोड़ने में सबकी भलाई है वीरेंद्र सिंह तोमर आज शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल पोरसा में पूनम समाज सेवा समिति ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नशा मुक्ति के ऊपर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सभी छात्राएं एवं छात्र व अध्यापकों ने भाग लिया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंह तोमर मौजूद थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता किशन सिंह तोमर ने की, विषेश अतिथि सतीश सिंह तोमर जिला समन्वयक, राधा शरण पुरोहित ब्लॉक समन्वयक, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह तोमर, बीरेंद्र सिंह तोमर फौजी, आशीष अग्रवाल,राजमुनी ओझा,रोशन लाल प्रजापति,थे संचालन हरिओम गुप्ता ने किया, इस मौके पर उपस्थित जनो ने नशा मुक्ति के ऊपर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए सभी से आवाहन किया गया की नशा



करने वाले को नशा करने से रोकना है।

नशा से तन, मन, धन का नाश तो होता ही है, समाज में प्रतिष्ठा भी कम होती नशा नाश की जड़ है! यह बात अंतराष्ट्रीय नशा निवारण के दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति शिविर में वीरेंद्र सिंह तोमर वरिष्ठ व्याख्याता ने कही वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की असंदी से बोल रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता किशन सिंह तोमर समाज सेवी ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुरेंद्र सिंह तोमर, श्रीमती सुमनलता तोमर, रामकिशोर ओझा रहे। अंतराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में सतीश सिंह तोमर जिला समन्वयक के निर्देशन में राधा शरण पुरोहित ब्लॉक समन्वयक की उपस्थिति में नवांकुर संस्था पूनम समाज सेवा समिति पोरसा ने शास. उ.मा. विद्यालय के सभागार में नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में सभी ने नशा न करने की शपथ ली। भाग लेने वालों में मनीष अग्रवाल, राजमुनि ओझा, आशीष अग्रवाल, रोशनलाल प्रजापति, वीरेंद्र सिंह फौजी एवं छोटू आदि रहे।

# जौरा में शांति समिति की बैठक आयोजित



जौरा। ईद–उल–जुहा के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया 27 जून की शाम थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित हिंदू एवं मुस्लिम समाज बंधुओं द्वारा ईद उल जुहा बकरीद के त्योहार को आपसी सद्भाव के साथ मनाने की बात कही गई इस अवसर पर एसडीएम अरविंद माहौर एवं एसडीओपी रितु केबरे द्वारा त्योहार को लेकर हिंदू एवं मुस्लिम समाज बंधुओं के अहम सुझाव भी लिए जिससे कि त्योहार के दिन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था भी की जा सके 27 जून को ईद–उल–जुहा के अवसर पर रेलवे फाटक के पास स्थित ईदगाह पर एवं अस्पताल रोड पर स्थित मस्जिद में मुस्लिम बंधुओं द्वारा 9-00 बजे से लेकर 10-00 बजे तक नमाज अदा की जाएगी इसके बाद बकरीद के समस्त कार्यक्रम मुस्लिम बंधु उत्साह हर्षोल्लास के साथ अपने अपने निवास घरों पर मनाएंगे बैठक में उपस्थित समाजसेवी खलील खान एवं शहाबुद्दीन उस्मानी सीएमओ ऋषिकेश शर्मा हाजी असगर अली खलील खान दीपक यादव शहाबुद्दीन उस्मानी अमीर हसन ताज पार्षद बनवारी फौजी पत्रकार राजगुरु यादव महेश प्रजापति उपस्थित रहे।




# सत्यप्रेम की कथा...

## ने रिलीज के पहले दिन कमाए 9.25 करोड़ रुपये



**कार्तिक** आर्यन और कियारा आडवाणी अभिनीत फिल्म ह्यसत्यप्रेम की कथाह्न ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 9.25 करोड़ रुपये की कमाए की। फिल्म के निमार्ताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।.संगीत, रोमांस और ड्रामा से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता समीर विद्वांस ने किया है। समीर को 2019 मराठी ड्रामा ह्यआनंदी गोपालह्न के लिए खूब वाहवाही मिली थी।.

साजिद नाडियाडवाला और ह्यनमाह पिक्चर्सह्न द्वारा निर्मित यह फिल्म बृहस्पतिवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।.फिल्म निमार्ताओं ने एक बयान में कहा कि ह्यसत्यप्रेम की कथाह्न ने दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाने और फिल्म वितरकों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का काम किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता की वजह से इस फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों के मुकाबले रिलीज के पहले दिन काफी अधिक कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 9.25 करोड़ रुपये की कमाई की है।

फिल्म में एक बार फिर कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी साथ नजर आ रहे हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म ह्यभूल-भुलैया 2ह्न में साथ काम किया था।.ह्यसत्यप्रेम की कथाह्न में गजराज राव, सुप्रीया पाठक और राजपाल यादव जैसे कलाकार भी हैं।.

# चन्द्रमुखी 2 का पोस्टर हुआ रिलीज

## बॉलीवुड क्वीन कंगना फिल्म में आएंगी नजर




**बॉलीवुड** की क्वीन कंगना रनौत चंद्रमुखी 2 में नजर आने वाली है. अपनी फिल्म इमरजेंसी की बेसब्री से इंतेजार कर रही है. उन्होंने गुरूवार को अपने प्रशंसकों को यह बताकर आश्चर्यचकित कर दिया कि उनकी अगली चंद्रमुखी 2 गणेश चतुर्थी पर रिलीज होगी. कंगना ने इंस्टाग्राम पर फिल्म रिलीज की घोषणा के साथ राघव लॉरेंस का फर्स्ट-लुक पोस्टर साझा किया है.

पोस्टर में राघव लॉरेंस एक अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं. क्योंकि उन्हें एक दरवाजे के छेद से देखते हुए देखा जा सकता है. चंद्रमुखी 2 के पोस्टर को साझा करते हुए. कंगना ने पुष्टि की कि चंद्रमुखी 2 इस गणेश चतुर्थी पर रिलीज हो रही है. उन्होंने लिखा कि ''इस सितंबर वह वापस आ रही है. क्या आप तैयार हैं ?

जानकारी के लिए बता दें कि फिल्म चंद्रमुखी 2 गणेश चतुर्थी पर रिलीज होने वाली है. गणेश चतुर्थी 19 सितंबर को मनाई जाती है. पी वासु द्वारा निर्देशित चंद्रमुखी 2 ब्लॉकबस्टर हिट तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म चंद्रमुखी की अगली कड़ी है. जिसमें रजनीकांत और ज्योतिका ने मुख्य भूमिका निभाई थी.

चंद्रमुखी 2 में कंगना राजा के दरबार में एक नर्तकी की भूमिका निभाएंगी. जो अपनी सुंदरता और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती थी. फिल्म में कंगना के साथ तमिल अभिनेता राघव लॉरेंस मुख्य भूमिका निभाएंगे. लाइका प्रोडक्शंस और सुबास्करन द्वारा निर्मित यह फिल्म सितंबर में तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होने वाली है.

कंगना की ड्रामा फिल्म इमरजेंसी की बात करें तो यह फिल्म पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है और इसमें कंगना दिवंगत राजनेता की मुख्य भूमिका में हैं. जो 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

जानकारी के लिए बता दें कि कंगना रनौत का रियल लाइफ में विवादों से गहरा नाता है. अपने बयोनों की वजह से कंगना रनौत कई बार विवादों में घिर चुकी हैं. आजादी पर बयान, या बॉलीवुड पर बयान हो वो हर मुद्दे पर अपनी राय रखती हैं. अपनी इसी बोल्ड अंदाज और बेबाकी के लिए जानी जाती है.

# 30 सेकेंड लंबा किस;

## सलमान ने कहा था- शो में संस्कृति-सभ्यता भंग नहीं होने देंगे



**बिग** बॉस OTT 2 के गुरुवार वाले एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ, जिससे कि ये शो सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहा है। दरअसल शो के दो कंटेस्टेंट जद हदीद और आकांक्षा पुरी ने एक दूसरे को किस कर लिया। ये किस 30 सेकेंड तक कैमरे के सामने किया गया। शो के अन्य कंटेस्टेंट अविनाश सचदेवा ने जद हदीद और आकांक्षा को एक टास्क के दौरान किस करने के लिए चैलेंज किया था। दोनों ने इस चैलेंज को पूरा करते हुए लंबा फ्रेंच किस किया।

हालांकि अब इस पर विवाद हो गया है। सोशल मीडिया पर लोग सलमान खान से सवाल कर रहे हैं कि उन्होंने अपने शो में ऐसा क्यों होने दिया। बिग बॉस डळळ 2 के प्रीमियर के दौरान सलमान ने कहा था कि वे अपने शो में कुछ भी ऐसा नहीं होने देंगे जिससे व्यूअर्स को आपत्ति हो।

जद हदीद मूल रूप से लेबनान के मॉडल हैं, जो दुबई में रहते हैं। इस बार शो में उन्होंने बतौर कंटेस्टेंट एंट्री ली। उनकी एक बेटी भी है, हालांकि उनका डिवोर्स हो चुका है। शो में वे अक्सर आकांक्षा के नजदीक दिखाई देते हैं। उन्होंने आकांक्षा के लिए अपना लव इंटरेस्ट भी जाहिर किया है।

हालांकि अब इन दोनों ने किस करके एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। बिग बॉस एक ऐसा शो है, जिसे बड़ी संख्या में बच्चे और बुजुर्ग भी देखते हैं। हमेशा से देखा गया है कि बिग बॉस के घर में कुछ न कुछ ऐसा होता है, जिससे कॉन्ट्रोवर्सी क्रिएट हो जाती है। हालांकि ऐसा पहली बार हुआ है कि किन्हीं दो कंटेस्टेंट ने कैमरे के सामने सीधे तौर पर किस कर लिया हो।

शो के प्रीमियर के दौरान सलमान खान ने कहा था कि बिग बॉस का ये भले ही डळळ वर्जन हो लेकिन वे कंटेस्टेंट को कुछ भी ओवर द टॉप नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा था कि डळळ में कोई सेंसरशिप नहीं होता, लेकिन इस शो के लिए वे खुद सबसे बड़े बैरियर हैं। उन्होंने कहा था- अगर शो में ऐसा होता है तो मैं खुद उसे हैंडल करूंगा।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .